राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 273/2023

राज्यपाल ने सैनिक कल्याण निदेशालय की राजकीय प्रबंध समिति की बैठक में भाग लिया

पटना, 17 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण निदेशालय के राजकीय प्रबंध समिति की 21वीं बैठक राजभवन के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की विधवाओं एवं आश्रितों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर व्यापक चर्चा हुई और महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। बैठक में सदस्यों को राज्य प्रबंधन समिति की 21वीं बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन से भी अवगत कराया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की सहायता के लिए राज्य सरकार सचेष्ट है। उन्होंने कहा कि उनके लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए ताकि अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

बैठक में बिहार के मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री एस० सिद्धार्थ एवं सचिव श्री के० सेंथिल कुमार, वित्त विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविन्द कुमार चौधरी, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, मध्य भारत एरिया, जबलपुर (म०प्र०) के जी०ओ०सी० लेफ्टिनेंट जनरल श्री एम०के० दास, बिहार एवं झारखंड सब–एरिया दानापुर कैन्ट के जी०ओ०सी० मेजर विशाल अग्रवाल, सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर सहित सेना के विभिन्न वरीय अधिकारीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....